HAPUR POLICE

प्रेस नोट

थाना - हापुड़ देहात **दिनांक 26.02.2025**

- **थाना हापुड़ देहात पुलिस ने अंतर्राज्यीय शराब तस्कर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के एक सदस्य को किया गिरफ्तार।**
- **जिसके कब्जे से 25 पेटी अवैध शराब (कीमत करीब 02 लाख रुपये) व शराब तस्करी में प्रयुक्त फर्जी नम्बर प्लेट लगी बुलेरो पिकअप गाड़ी बरामद।**
- **गिरफ्तार अभियुक्त अवैध शराब को हरियाणा राज्य से लाकर बिहार राज्य में शराब प्रतिबन्धित होने के कारण अधिक कीमत पर सप्लाई कर आर्थिक लाभ कमाता था।**
- **गिरफ्तार अभियुक्त गाड़ी की बॉडी को मॉडिफाई कराकर उसमें अवैध शराब को छिपाकर तस्करी करता था।**

कार्यवाही:-

हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अवैध शराब तस्करों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ देहात पुलिस द्वारा अंतर्राज्यीय शराब तस्कर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से 25 पेटी अवैध शराब (कीमत करीब 02 लाख रुपये) व घटना में प्रयुक्त फर्जी नम्बर प्लेट लगी बुलेरो पिकअप बरामद हुई है।

उपरोक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हापुड़ देहात पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तारी का स्थान व दिनांक:- एनएच 09 थाना हापुड़ देहात से पहले कट के पास व दिनांक 25.02.2025

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता:-

सुरेन्द्र पुत्र रामफल निवासी मौहल्ला उत्तम नगर तहसील हांसी थाना सदर जनपद हिसार (हरियाणा)।

बरामदगी का विवरण:-

- 25 पेटी अवैध शराब ROYAL STAG हरियाणा मार्का (कीमत करीब 02 लाख रुपये)
- शराब तस्करी में प्रयुक्त फर्जी नम्बर लगी बुलेरो पिकअप गाड़ी रजि0न0 UP 15 GT 5749.

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 श्री प्रमोद कुमार थाना हापुड देहात जनपद हापुड।
2. उ0नि0 श्री सुशील कुमार थाना हापुड देहात जनपद हापुड।
2. उ0नि0 (यूटी) रजनीश कुमार थाना हापुड देहात जनपद हापुड।
4. है0का0 556 सचिन कुमार थाना हापुड देहात जनपद हापुड।
5. का0 953 जोराबर सिह थाना हापुड देहात जनपद हापुड।
6. का0 616 सोनू कुन्तल थाना हापुड देहात जनपद हापुड।
7. का0 16 अरूण कुमार थाना हापुड देहात जनपद हापुड।
8. का0 594 पवन कुमार थाना हापुड देहात जनपद हापुड।